भारत-नेपाल संयुक्त अभ्यास

चर्चा में क्यों?

20 सितंबर, 2021 को 15वाँ भारत-नेपाल संयुक्त बटालियन स्तर का सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'सूर्य किरण' पिथौरागढ़ में शुरू हुआ। इस अभ्यास का समापन 3 अक्तूबर को होगा।

प्रमुख बिंदु

- इससे पहले शनिवार को नेपाली सेना की टुकड़ी पिथौरागढ़ पहुँची, जिसका पारंपरिक सैन्य स्वागत किया गया।
- उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (GOC), लेफ्टिनेंट जनरल एस.एस. महल ने सभा को संबोधित किया और टुकड़ियों को आपसी विश्वास, अंतर-संचालन को प्रशिक्षित तथा मज़बूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिये प्रोत्साहित किया।
- इस आयोजन में दोनों सेनाओं के लगभग 650 रक्षाकर्मी भाग ले रहे हैं। अभ्यास में भारतीय सेना और नेपाली सेना की एक-एक इन्फैंट्री बटालियन अंतर-संचालन विकसित करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों एवं आपदा राहत कार्यों के अपने अनुभव को साझा करने के लिये एक साथ प्रशिक्षण लेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-nepal-joint-exercise